**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या 2720**

**12 मार्च, 2018 को उत्तर के लिए**

**इस्पात उत्पादन**

**2720. श्री आलोक संजरः**
**श्री अजय निषादः**
**श्री भैरों प्रसाद मिश्रः**
**श्री लखन लाल साहूः**
**श्री एम. चन्द्राकाशीः**

क्या इस्पात मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) विगत तीन वर्षों में प्रत्येक वर्ष और चालू वर्ष के दौरान इस्पात के उत्पादन, खपत और इसकी वार्षिक वृद्धि का ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या इस्पात उत्पादन में वृद्धि देश में इस्पात की वर्तमान मांग को पूरा करने के लिए पर्याप्त है;

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इस्पात उत्पादन में भारत का विश्व में क्या स्थान है और यदि नहीं, तो इस्पात उत्पादन संबंधी लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए इस्पात क्षेत्र को कितने वित्त की आवश्यकता है;

(घ) उक्त अवधि के दौरान निर्यातित इस्पात का देश-वार ब्यौरा क्या है; और

(ङ) घरेलू इस्पात उद्योग के वित्तीय कार्यनिष्पादन का ब्यौरा क्या है और उक्त अवधि के दौरान इसकी संकटग्रस्त स्थिति के क्या कारण हैं तथा देश में इस्पात उत्पादन को बढ़ावा देने के लिहाज से इसे प्रभावित करने वाली समस्याओं का समाधान करने हेतु क्या कदम उठाए गए हैं?

**उत्तर**

**इस्पात राज्य मंत्री** **(श्री विष्णु देव साय)**

(क): विगत तीन वर्षो अर्थात वर्ष 2014-15, 2015-16 और 2016-17 तथा वर्तमान वर्ष के दौरान देश में पूर्ण फिनिश्ड इस्पात का बिक्री हेतु उत्पादन और खपत के आंकड़े विगत वर्ष की इसी अवधि की तुलना में हुए प्रतिशत परिवर्तन समेत नीचे दिए गए है:

| वर्ष | पूर्ण फिनिश्ड इस्पात | | | |
|---|---|---|---|---|
| | बिक्री हेतु उत्पादन | | खपत | |
| | मात्रा (एमटी) | % परिवर्तन | मात्रा (एमटी) | % परिवर्तन |
| 2014-15 | 92.16 | 5.1 | 76.99 | 3.9 |
| 2015-16 | 90.98 | -1.3 | 81.52 | 5.9 |
| 2016-17 | 101.81 | 11.9 | 84.04 | 3.1 |
| अप्रैल-जनवरी 2017-18* | 88.37 | 5.1 | 72.52 | 5.4 |
| स्रोत: जेपीसी; *अनंतिम | | | | |

(ख): जी हां।

(ग): विगत तीन वर्षों अर्थात वर्ष 2015, 2016 और 2017 के दौरान शीर्ष दस देशों के संबंध में क्रूड स्टील के अंतर्राष्ट्रीय उत्पादन के आंकड़े **अनुलग्नक–I** में दिए गए है। आंकड़े यह इंगित करते है कि भारत वर्ष 2015 से विश्व में क्रूड स्टील का तीसरा सबसे बड़ा उत्पादक बना हुआ है।

(घ): विगत तीन वर्षों अर्थात वर्ष 2014-15, 2015-16 और 2016-17 तथा वर्तमान वर्ष के दौरान भारत से पूर्ण फिनिश्ड इस्पात का हुए निर्यात के देशवार आंकड़े **अनुलग्नक-II** में दिए गए है।

(ङ): भारतीय इस्पात उद्योग इस्पात उत्पादन के प्रमुख देशों से इस्पात का डंपिगं किए जाने, बाजार परिस्थितियां प्रतिकूल होने, इस्पात उत्पादों की बिक्री से शुद्ध प्राप्ति कम होने, आयातित एवं स्वदेशी कोयले की कीमतों में वृद्धि होने, विश्व स्तर पर इस्पात उद्योग में मंदी आने इत्यादि के कारण कई चुनौतियों का सामना कर रहा है। इस्पात एक नियंत्रण मुक्त क्षेत्र है और सरकार की भूमिका एक सुविधादाता के रूप में होती है। तथापि, सरकार ने इस्पात क्षेत्र को प्रोत्साहित करने के लिए विविध उपचारी उपाय किए हैं, जिनमें अन्य के साथ-साथ व्यापारिक उपाय, जैसे कि एंटी डंपिंग शुल्क लगाना, सेफगार्ड शुल्क लगाना और न्यूनतम आयात कीमतों को अस्थायी रूप से लागू करना शामिल है; गुणवत्ता नियंत्रण आदेश को सूचित किया है, जो सभी इस्पात उत्पादों और आयातों के संबंध में बीआईएस मानकों के उपयोग को अनिवार्य बनाता है; सरकारी खरीद में घरेलू निर्मित लोहा और इस्पात उत्पादों के उपयोग की नीति को अधिसूचित किया है, जो घरेलू मूल्यवर्द्धन को सुविधाजनक बनाती है; तथा इस्पात क्षेत्र में दीर्घकालीन विकास को प्रोत्साहित करने की दृष्टि से राष्ट्रीय इस्पात नीति, 2017 को अधिसूचित किया है।

******

**अनुलग्नक-I**

**(लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 2720 दिनांक 12.03.2018)**

| विश्व के शीर्ष 10 क्रूड इस्पात उत्पादक | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| **2015** | | | **2016** | | | **2017*** | | |
| **रैंक** | **देश** | **मात्रा (एमटी)** | **रैंक** | **देश** | **मात्रा (एमटी)** | **रैंक** | **देश** | **मात्रा (एमटी)** |
| 1 | चीन | 803.8 | 1 | चीन | 786.90 | 1 | चीन | 831.7 |
| 2 | जापान | 105.1 | 2 | जापान | 104.8 | 2 | जापान | 104.70 |
| 3 | भारत | 89.0 | 3 | भारत | 95.50 | 3 | भारत | 101.40 |
| 4 | यूएसए | 78.8 | 4 | यूएसए | 78.50 | 4 | यूएसए | 81.60 |
| 5 | रूस | 70.9 | 5 | रूस | 70.45 | 5 | रूस | 71.34 |
| 6 | दक्षिण कोरिया | 69.7 | 6 | दक्षिण कोरिया | 68.58 | 6 | दक्षिण कोरिया | 71.08 |
| 7 | जर्मनी | 42.7 | 7 | जर्मनी | 42.08 | 7 | जर्मनी | 43.56 |
| 8 | तुर्की | 31.5 | 8 | तुर्की | 33.16 | 8 | तुर्की | 37.52 |
| 9 | ब्राजील | 33.3 | 9 | ब्राजील | 31.27 | 9 | ब्राजील | 34.36 |
| 10 | यूक्रेन | 22.9 | 10 | इटली | 23.37 | 10 | इटली | 24.04 |
| | **कुल:10** | **1347.7** | | **कुल:10** | **1334.61** | | **कुल:10** | **1401.30** |
| | **विश्व** | **1620** | | **विश्व** | **1606.3** | | **विश्व** | **1691.2** |
| स्रोत: जेपीसी(वर्ल्ड स्टील) *अनंतिम; एमटी=मिलियन टन | | | | | | | | |

**अनुलग्नक - II**

**(लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 2720 दिनांक 12.03.2018)**

| पूर्ण फिनिश्ड इस्पात का निर्यात (000 टन) | | | | |
|---|---|---|---|---|
| **देश** | **2014-15** | **2015-16** | **2016-17** | **अप्रैल–जनवरी 2017-18*** |
| ऑस्ट्रेलिया | 49.29 | 29.38 | 35.65 | 20.59 |
| बांग्लादेश | 136.5 | 55.06 | 137.52 | 114.02 |
| बेल्जियम | 198.39 | 287.42 | 1112.31 | 805.59 |
| ब्राज़ील | 42.95 | 11.98 | 42.93 | 49.4 |
| कनाडा | 132.95 | 17.32 | 33.64 | 46.86 |
| चिली | 9.51 | 18.35 | 11.8 | 5.68 |
| चीन | 3.32 | 3.92 | 4.00 | 14.67 |
| कोलंबिया | 34.03 | 15.90 | 18.47 | 15.21 |
| डेनमार्क | 9.69 | 8.90 | 5.63 | 36.79 |
| जिबूती | 21.45 | 22.98 | 32.06 | 23.69 |
| इक्वेडोर | 31.99 | 16.78 | 42.77 | 16.08 |
| मिस्त्र | 9.82 | 17.30 | 11.93 | 58.96 |
| इथियोपिया | 133.58 | 157.82 | 147.64 | 96.53 |
| फ्रांस | 9.46 | 19.75 | 15.44 | 8.92 |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| जर्मनी | 54.84 | 47.13 | 68.67 | 37.38 |
| घाना | 39.25 | 41.24 | 47.52 | 22.74 |
| ग्रीस | 12.2 | 46.57 | 19.58 | 26.78 |
| इंडोनेशिया | 83.87 | 118.33 | 233.77 | 173 |
| ईरान | 495.8 | 321.43 | 144.01 | 61.74 |
| इराक | 8.27 | 30.84 | 3.01 | 14.3 |
| इटली | 470.86 | 345.41 | 942.92 | 1020.15 |
| जापान | 0.48 | 0.56 | 0.64 | 0.84 |
| कीनिया | 61.28 | 45.65 | 30.55 | 38.84 |
| कोरिया | 26.63 | 26.57 | 34.9 | 40.12 |
| कुवैत | 12.83 | 28.16 | 36.66 | 13.84 |
| मेडागास्कर | 11.81 | 15.91 | 12.74 | 8.31 |
| मलेशिया | 96.55 | 46.31 | 391.72 | 328.46 |
| मालदीव | 4.32 | 9.17 | 15.26 | 16.15 |
| मेक्सिको | 45.29 | 52.66 | 169.53 | 111.05 |
| म्यांमार | 29.48 | 18.49 | 68.99 | 169.69 |
| नेपाल | 236.35 | 310.54 | 464.73 | 512.15 |
| नाइजीरिया | 30.36 | 39.37 | 11.39 | 82.48 |
| पेरू | 44.33 | 71.16 | 40.25 | 27.92 |
| फिलीपींस | 6.08 | 7.20 | 14.45 | 50.79 |
| पोलैंड | 34.56 | 39.19 | 64.94 | 122 |
| क़तर | 11.55 | 9.03 | 17.78 | 25.69 |
| रोमानिया | 27.69 | 27.24 | 20.75 | 26.12 |
| रूस | 27.85 | 20.56 | 23.45 | 22.56 |
| सऊदी अरब | 248.86 | 60.50 | 118.57 | 260.74 |
| दक्षिण अफ्रीका | 36.89 | 19.60 | 56.94 | 11.15 |
| स्पेन | 180.41 | 155.44 | 440.06 | 431.49 |
| श्रीलंका | 138 | 100.51 | 140.15 | 158.45 |
| स्वीडन | 4.48 | 3.16 | 9.45 | 14.96 |
| ताइवान | 129.46 | 12.90 | 70.67 | 79.65 |
| तंज़ानिया | 41.18 | 25.75 | 9.33 | 17.33 |
| थाईलैंड | 188.13 | 69.80 | 126.4 | 91.74 |
| तुर्की | 49.66 | 44.66 | 74.61 | 121.41 |
| यू.के. | 64.56 | 39.34 | 172.92 | 117.28 |
| यूएई | 606.05 | 315.93 | 674.44 | 636.41 |
| यूक्रेन | 10.89 | 1.05 | 3.21 | 3.75 |
| यूएसए | 501.29 | 295.63 | 273.58 | 307.83 |
| वियतनाम | 163.12 | 38.11 | 961.26 | 866.87 |
| अन्य | 537 | 495 | 581 | 834 |
| **कुल** | **5595** | **4079** | **8243** | **8219** |
| स्रोत: जेपीसी *अनंतिम | | | | |

******